C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 230 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 6 मार्च 2024

प्री-वेडिंग के बाद पहली बार ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मंडी की कैंटीनों में अब नहीं बिक पाएगी शराब

**हल्द्वानी।** नवीन मंडी में अब शराब की बिक्री नहीं हो पाएगी। इसके लिए आढ़तियों ने सराहनीय पहल करते हुए कैंटीनों को महिला समूहों या महिला मंगल दल को उचित मूल्य पर देने की मांग की है। ऐसोसिएशन का कहना है कि कैंटीनों को महिला समूहों को दि जाने से यहां पर आने वाले किसानों, व्यापारियों और श्रमिकों को उचित मूल्य पर जलपान और भोजन उपलब्ध हो सकेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि मंडी परिसर में स्थित कैंटीनों की निविदा प्रक्रिया ऊंचे दामों पर हो रही है जिस कारण से ज्यादातर दुकानों की नीलामी नहीं हो पा रही है जिस कारण से वह खाली रह जाती हैं। कैंटीनों के खाली रहने से श्रमिकों, किसानों और व्यापारियों को जलपान नहीं मिल पा रहा है। एसोसिएशन से जुड़े लोगों का कहना है कि अत्यधिक कीमत पर निविदा वाली कैंटीनों में स्वयं का व्यय निकालने के लिए मदिरा परोसी जाती है जिससे मंडी परिसर में अराजक तत्वों का भी जमावड़ लगा जाता है। उनका कहना है कि जिस तरह से तहसील, एसडीएम कोर्ट आदि स्थानों पर महिला समूहों को कैंटीन संचालन दिया गया है उसी तरह से मंडी में भी कैंटीनों का संचालन महिला समूहों व महिला मंगल दलों को दिया जाए।

16 मार्च को पेश होने को कहा

# केजरीवाल को ईडी की याचिका पर कोर्ट का समन

नई दिल्ली

एजेंसी

ईडी ने कथित दिल्ली शराब नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन पर पेश नहीं होने को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ फिर से शिकायत की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन का पालन नहीं करने के लिए ईडी की दूसरी शिकायत पर अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी किया है। कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले भी सीएम केजरीवाल के खिलाफ समन के का पालन न करने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शिकायत भी दर्ज हुई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में बार-बार समन का पालन न करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक नई शिकायत दिल्ली कोर्ट में दी। ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने चार से आठ समन का पालन नहीं किया है। जिसके बाद एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत को सूचीबद्ध कर लिया और सात मार्च को सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित की थी। जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आठ समन जारी किए हैं। इससे पहले ईडी ने पहले से तीसरे समन पर पेश नहीं होने पर लोकल कोर्ट का रूख किया था। जिसको लेकर कोर्ट में 16 मार्च को मामले पर सुनवाई होगी।



### केजरीवाल के खिलाफ आठ समन हो चुके हैं जारी

दिल्ली शराब घोटाले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं और इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। इससे पहले 22 फरवरी को भी ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा था। लेकिन केजरीवाल सातवें समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इससे पहले बीती साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी और 22 फरवरी और 3 मार्च को ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी थी।

# 15 ग्राम स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैरूारी चल रही थी।

मुखानी थाना पुलिस बिठौरिया क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर बैठे दो युवक पुलिस को देखकर सकपका कर भागले जिस पर पुलिस ने एक युवक को धर दबोचा जबकि दूसरा फरार हो गया। उसकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सुशील त्यागी उर्फ बबलू पुत्र स्व. रामदत्त त्यागी निवासी दमुआढूंगा तोक पनियाली हरिपुर नायक बताया। जबकि फरार युवक संजय आर्या उर्फ संजू निवासी सृष्टि बैंकट हाल के आगे लालडाट रोड का रहने वाला है पुलिस आरोपी को तलाश रही है। पुलिस ने सुशील के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



### 630 पव्वे शराब समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने देशी और अंग्रेजी शराब के पव्वों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। काठगोदाम थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली की एक युवक स्कूटी से शराब बेचने के लिए ला रहा है जिस पर पुलिस सतर्क हो गई। इस दौरान हल्द्वानी की ओर से आ हरी स्कूटी संख्या यूके04जीए 0542 को रोक कर उसकी तलाशी ली तो स्कूटी में रखी पटी और कट्टे में देशी शराब के 48 पव्वे और अंग्रेज शराब के 12 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नामचेतन तिवारी निवासी कर्नलवार्ड शीशमहल काठगोदाम बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



# पेयजल योजना सुदृढ़ीकरण को डीपीआर तैयारी के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी–काठगोदाम नगरीय क्षेत्र में नियमित रूप से पेयजल की समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा दिनांक 04 अगस्त 2023 को पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों के साथ शीशमहल फिल्टर प्लांट एवं अन्य स्थलों का निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के समय हल्द्वानी नगर में पेयजल समस्याओं के सम्बन्ध में निम्न तीन मुख्य कारण प्रकाश में आये नलकूपों पर अत्यधिक निर्भरता एवं ग्रीष्म ऋतु में विशेषकर नलकूप खराब होने से पेयजल सप्लाई बाधित होना। वर्षा ऋतु में सिल्ट के कारण फिल्टर प्लांट लम्बे समय के लिये बंद रहने से पेयजल सप्लाई बाधित होना। शहर की मुख्य/वितरण पाइप लाइनों में जगह–जगह लीकेज होने से पेयजल सप्लाई बाधित होना।

उक्त समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त हल्द्वानी नगर की पेयजल योजना के



सुदृढ़ीकरण हेतु जिलाधिकारी, नैनीताल के द्वारा पेयजल निगम, हल्द्वानी को तत्काल डीपीआर तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसमें सतही जल की मात्रा को बढ़ाने एवं ट्यूबवैल पर निर्भरता को कम कर बढ़ी क्षमता के नयी फिल्टर प्लांट बनाने, शीतलाहाट एवं शीशमहल के पुरानी तकनीक पर बने फिल्टर प्लांटों को नयी तकनीक पर पुर्ननिर्माण एवं शहर की पुरानी एवं जर्जर मुख्य पाइप लाइनों को बदलने का कार्य लिया जाये। इसके उपरान्त पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों द्वारा हल्द्वानी नगर की पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण हेतु संयुक्त रूप से सर्वेक्षण / बैठक की गयी। 30 नवम्बर 2023 को मा0 मुख्यमंत्री के हल्द्वानी दौरे में ईजा बैणी महोत्सव के दौरान उनके द्वारा हल्द्वानी नगर की पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण हेतु घोषणा की गयी। पेयजल निगम, हल्द्वानी के द्वारा योजना की डी0पी0आर0 तैयार कर दिनांक 11 जनवरी 2024 को पेयजल निगम मुख्यालय / उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित कर दी गयी। दिनांक 25 जनवरी 2024 को सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग उत्तराखण्ड शासन के नैनीताल जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में जिलाधिकारी, नैनीताल के द्वारा योजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण कर योजना की महत्ता/आवश्यकता से अवगत कराया गया। तदोपरान्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 20 फरवरी 2024 को सम्पन्न विभागीय समिति की बैठक में उक्त पेयजल योजना का अनुमोदन किया गया। आज दिनांक 05 मार्च 2024 को भारत सरकार के द्वारा विशेष योजनागत सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत योजना की अनुमानित लागत रू0 154.43 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये रू0 10.00 करोड़ की धनराशि उत्तराखण्ड शासन को अवमुक्त की गयी।

## सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरुस्कार प्रदान करने की घोषणा का स्वागत

**नैनीताल।** उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा विश्वविद्यालय में कार्य संस्कृति में प्रोत्साहन के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरुस्कार प्रदान करने की घोषणा का स्वागत किया है।

ज्ञात हो कि विगत दिवस कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने एक समारोह में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की और साथ ही कुलपति प्रो.रावत द्वारा कर्मचारियों को बेहतर एवं किफ ायती चिकित्सा लाभ प्रदान करने हेतु सेंट्रल अस्पताल हल्द्वानी के साथ अनुबंध के तहत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को केंद्रीय दरों पर चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करने हेतु भी प्रशासन द्वारा कार्य किए जाने की सूचना दी गई। मामले में उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत एवं पूर्व महामंत्री डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला ने कुलपति प्रो.रावत के विशेष प्रयासों का आभार व्यक्त किया और सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरुस्कार की घोषणा पर खुशी जाहिर की।



## उप कारागार हल्द्वानी का निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार बीते रोज मंगलवार को जिला न्यायाधीश महोदय/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार , द्वारा उप कारागार हल्द्वानी का निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याएं सुनी गई एवं कारागार अधीक्षक को आवश्यक निर्देश भी दिए गए,एवं बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता तथा, किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधान ,सपोर्ट टू पूअर प्रिजनर योजना एवम अन्य अधिकारों के संबंध में जागरूक भी किया गया। महोदय द्वारा करागर स्थित लीगल एड क्लिनिक, वी सी कक्ष, बंदी बैरक्स,अस्पताल,पाक शाला का भी निरीक्षण किया गया। उपरोक्त निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी, उप कारागार अधीक्षक प्रमोद कुमार एवं चीफ फार्मासिस्ट,विद्वान पैनल अधिवक्ता आसिफ सिद्दकी , पी एल वी नीमा जोशी भी उपस्थित रहे।

माननीय महोदय द्वारा कारागार के निरीक्षण के साथ साथ बाल संप्रेक्षण गृह, किशोर न्याय बोर्ड स्थित लीगल एड क्लिनिक,राजकीय महिला पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## सिंक्रोनाइजिंग मॉलिक्यूल्स तो मशीन फॉर द बेटरमेंट ऑफ ह्यूमन कायिंद पर व्याख्यान दिया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविधालय के विजिटिंग प्रोफेसर तथा न्यूयॉर्क के सी 4वीं कंपनी के फाउंडर तथा सीईओ डॉ. शैलेश उप्रेती ने ऑनलाइन माध्यम से सिंक्रोनाइजिंग मॉलिक्यूल्स तो मशीन फॉर द बेटरमेंट ऑफ ह्यूमन कायिंद पर व्याख्यान दिया।

इस दौरान डॉ. उप्रेती ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बागेश्वर से हाईस्कूल करने के बाद उन्होंने भक्तोला से इंटर तथा एसएसजे परिसर अल्मोड़ा से बीएससी मैक्स करने के बाद आईआईटी दिल्ली से पीएचडी की और फिर अमेरिका चले गए । कहा कि लिथियम बैटरी सोडियम बैटरी से बहुत कारगार है तथा लिथियम बैटरी कार व स्कूटी में इस्तेमाल हो रही है जो उसकी कारगरता एवम मानव की सहायता कर रही है।



विज्ञान ने मानव का जीवन सरल किया है, काबिलेगौर है कि डॉ. उप्रेती ने कुमाऊं विवि नैनीताल को शोध हेतु 8 लाख रुपया प्रदान किया है, रसायन तथा भौतिकी के दो- दो शोधार्थियों को 8000 रुपया तथा आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियो तीन को 5000 रुपया प्रदान करेंगे। व्याख्यान के दौरान कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने डॉ. उप्रेती का धन्यवाद किया तथा कहा कि विद्यार्थी इस व्याख्यान से प्रेरित हुए हैं ।

संचालन प्रो संजय पंत ने किया। व्याख्यान में प्रो. सी. एस. मथेला,प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एलएस लोधियाल तथा प्रो. नीलू लोधियाल समेत 120 प्रतिभागी शामिल रहे।

## NEWS / फटाफट

### ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीपरलपोखरा गांधी आश्रम हल्द्वानी निवासी बीना खाती पुत्री नयन सिंह खाती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 4 दिसंबर 2022 को साहिबाबाद गाजयाबाद निवासी विक्रम सिंह पुत्र केदार सिंह के साथ बनांचल कैंकेट हाल मुखानी में हुई थी। आरोप है कि जब वह हनीमून के लिए मॉरीशस गए तो उसके पति ने उसके मारपीट औश्र अभद्रता करनी शुरू कर दी। वह उससे दस लाख रूपए और टाटा सफाी गाड़ी की डिमांड करने लगा। एक सप्ताह बाद मॉरीशस से गजियाबाद लौटने पर सास हेमा देवी, ससुर केदार सिंह, बड़े जेठ चन्द्र मोहन सिंह, बड़ी जेठानी नम्रता सिंह, छोटे जेठ रविंदर सिंह और छोटी जेठानी नम्रता अरोरा भी मुझे तरह- तरह से परेशान कर प्रताड़ितत कर दहेज में नकद व गाड़ी की मांग करने लगे। इसके बाद 4 फरवरी 2023 को वह अपने पति के साथ मलेशिया आ गई जहां पर उसे दोबारा प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

### नगर पालिका परिषद नैनीताल को सिटी वाटर फ्रंट श्रेणी में प्रदेश में तीसरा स्थान

**देहरादून/नैनीताल।** सिटी ब्यूटी कॉम्पिटेशन में नगर पालिका परिषद नैनीताल को सिटी वाटर फ्रंट श्रेणी में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। बता दें कि मंगलवार को देहरादून में शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के हाथों नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी (श्रेणी दो) पूजा चंद्रा द्वारा सम्मान ग्रहण किया गया। दूसरी ओर नैनीताल पालिका के ईओ आईएएस राहुल आंनद ने पालिका कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से आए छात्र-छात्राओं ने हिमालयन बाटनिकल गार्डन का भ्रमण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी मे बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से आए एमएससी वनस्पति विज्ञान के छात्र–छात्राओं के एक दल ने अपने शैक्षिक भ्रमण के दौरान नारायणनगर स्थित हिमालयन बाटनिकल गार्डन का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान छात्र–छात्राओं को गार्डन में पायी जाने वाली सभी दुर्लभ वनस्पतियों के साथ ही विभिन्न प्रकार के आर्किड,फर्न समेत फूलों के साथ ही तितलियों के संसार के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान गार्डन के अधिकारियों ने क्षेत्र में प्राकृतिक रुप से पायी जाने वाली वनस्पतियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कई

छात्र–छात्राओं की ओर से गार्डन में पायी जाने वाली वनस्पतियों के



बारे में कई सवाल भी पूछे जिनका गार्डन के अधिकारियों व कर्मियों ने सरल भाषा में उत्तर दिया। गार्डन के रख रखाव व ले आउट को देखकर छात्र–छात्राएं काफी प्रसन्न नजर आए।

## मतदाता जागरूकता के लिए वाट्सअप पर भेजेंगे संदेश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को व्हाट्सएप एवं एसएमएस के माध्यम से वेकअप (सुबह जगाने वाले) मैसेज भेजे जा रहे हैं। सीडीओ व जिला स्वीप नैनीताल के नोडल अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि? मतदाताओं को जागरूक करने एवं इस बार अपने मतदान केंद्र पर वोट करने के लिए आने के प्रेरित करने के उद्देश्य से वेक अप मैसेज के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद नैनीताल के दुर्गम क्षेत्र एवं कम मतदान करने वाले क्षेत्र के ऐसे मतदाता जो अपने गांव से अन्यत्र नौकरी करने या उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से बाहर गए हैं, उन्हें इस बार अपने गांव के मतदान केंद्र पर वोट देने हेतु आने के उद्देश्य से व्हाट्सएप एवं एसएमएस से संदेश भेजे जा रहे हैं।

स्वीप टीम के सदस्य गौरीशंकर काण्डपाल के अनुसार मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के माध्यम से संदेश भेजे जा रहे हैं, जिनमें 18 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के द्वारा वोटर आईडी कार्ड बनाने तथा इस बार अपने मतदान केंद्र में वोट देने जरूर आने के संदेश शामिल हैं।

# अभिमत



## महंगी न हो शिक्षा

*सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विद्वानों ने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ यह भी कहा कि शिक्षा गुणवत्तापरक होकर सबकी पहुंच में हो और किसी भी सूरत में महंगी नहीं होनी चाहिए। सच्चाई यह है कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बाद भी उत्तराखंड के सुदूर गांवों से मेधावी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से राज्य को गौरवान्वित किया है। उत्तराखंड में गिने-चुने आधा दर्जन महानगरों को शिक्षा व चिकित्सा का हब माना जाता है। बहुत बड़ा पर्वतीय क्षेत्र शिक्षा के मामले में बदहाल है। सरकारी स्कूलों के स्तर में सुधार के प्रयास शहरों में भी विफल रहे हैं। कुलपतियों ने सही कहा है कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के आसपास के स्कूलों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।*

उत्तराखंड सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाकर एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए संकल्पित है। राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को आर्थिक सहायता देने पर विचार किया जा रहा है। राज्य में पहली बार कुलपति सम्मेलन में उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार, शोध को वरीयता और विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के निकटवर्ती बेसिक तथा माध्यमिक स्कूलों पर भी ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विद्वानों ने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ यह भी कहा कि शिक्षा गुणवत्तापरक होकर सबकी पहुंच में हो और किसी भी सूरत में महंगी नहीं होनी चाहिए। सच्चाई यह है कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बाद भी उत्तराखंड के सुदूर गांवों से मेधावी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से राज्य को गौरवान्वित किया है। उत्तराखंड में गिने-चुने आधा दर्जन महानगरों को शिक्षा व चिकित्सा का हब माना जाता है। बहुत बड़ा पर्वतीय क्षेत्र शिक्षा के मामले में बदहाल है। सरकारी स्कूलों के स्तर में सुधार के प्रयास शहरों में भी विफल रहे हैं। कुलपतियों ने सही कहा है कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के आसपास के स्कूलों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। देश के कई राज्यों की तुलना में उत्तराखंड में शिक्षित आबादी का प्रतिशत बेहतर है। इसका मुख्य कारण है कि आर्थिक रूप से संपन्न परिवार अपने बच्चों को निजी स्कूलों में महंगी शिक्षा और कोचिंग का खर्च वहन करते हैं। यदि सरकारी स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों की शिक्षा गुणवत्तापरक हो जायेगी तो मध्यम व निम्न वर्ग के परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे। उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध हो रहे हैं, लेकिन कुलपतियों के सम्मेलन में गुणवत्तापरक शोध को बढ़ावा देने की बात कही गई है। कुछ दशक पहले ज्यादातर छात्र-छात्रा सिर्फ डिग्री लेने के लिए शोध किया करते थे। जिस विषय विशेषज्ञ के निर्देशन में शोध करते थे, वह भी गंभीर रवैया नहीं अपनाते थे। इसी लिए अब शोध के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में शोध प्रोत्साहन के लिए आर्थिक सहायता और मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दी जा रही है। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद डीम्ड यूनिवर्सिटी स्थापित हो गई हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग कालेजों की स्थापना में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ने के साथ उनकी गुणवत्ता के लिए राज्य सरकार को कारगर व्यवस्था करनी होगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट तथा नैनीताल- ऊधम सिंह नगर के लोक सभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल के नेतृत्व में मंगलवार को नैनीताल क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोक सभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल के नैनीताल पहुचंने पर फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। भौर्याल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की।

भौर्याल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी जोश है। अधिक्तर युवाओं की भागीदारी इसमें उत्साह देखने को मिल रहा है। कहा कि विधानसभा नैनीताल के चारों मंडलों की बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यकर्ताओं को दिए गए पिछले कार्यो को लेकर चर्चा हुई।

इस बीच उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में नैनीताल उधमसिंह नगर से अजय भट्ट को प्रत्याशी बनाए जाने और चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से सरकार बनाएंगे, ऐसे कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है। कार्यकर्ता भी उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं। कहा कि इस बार 400 के पार का नारा साकार होते हुए दिखाई दे रहा है। कहा कि उनके द्वारा सभी मंडलों में जाकर फीडबैक लिया गया है। कार्यकर्ता बेहतर कार्य कर रहे हैं और इसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी लगातार आगे बढ़ रही रही है।

कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 70 करोड़ सदस्य बने हैं। प्रधानमंत्री का एक नारा रोटी,कपड़ा व मकान तथा शिक्षा को साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ रही है। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, मंडल अध्यक्ष आंनद सिंह बिष्ट, महामंत्री मोहित लाल साह समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## खेल मंत्री रेखा ने किया अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स का निरीक्षण

**हल्द्वानी।** खेल मंत्री रेखा आर्य ने बुधवार को गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान बैडमिंटन कोड, टेबल टेनिस, स्विमिंग पूल आदि का निरीक्षण किया।

उन्होंने कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द कार्य पूरा कर खेल विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के रखरखाव का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही जल्द से जल्द खेलों को शुरू करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कहा। इस दौरान टेबल टेनिस कोड की जर्जर हालात देखकर मंत्री रेखा आर्य बेहद नाराज हो गयी उन्होंने अधिकारियों से उसे जल्द सही करने को कहा। उन्होंने किक्रेट स्टेडियम में भी जल्द मैच शुरू होने की जानकारी दी।

# भवाली में यूथ कांग्रेस का अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध कार्यक्रम

**नैनीताल/भवाली**

**हमारे संवाददाता**



महिला कांग्रेस तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारी न्याय सम्मान सम्मेलन का नेतृत्व जिला

अध्यक्ष महिला कांग्रेस खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में एवं यूथ कांग्रेस ने अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध कार्यक्रम में कांग्रेस नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन भवाली में किया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल समेत उत्तराखंड यूथ सह प्रभारी नवनीत कौर का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाज मे संघर्ष से आगे बढ़ी 8 महिलाओं को बेज व शाल पहनाकर राष्ट्रीय महिला कांग्रेस द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जबकि उत्तराखंड यूथ सह प्रभारी नवनीत कौर ने यूथ कांग्रेसियों को मजबूती के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर आगामी लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतनने की रणनीति बनाई।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि मजबूती के साथ लोगो के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव में सभी वार्डो को जितना है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रही जनता और उत्तराखंड की मातृशक्ति देवभूमि में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, अंकित भंडारी के हथियारों को न्याय की मांग के साथ तानाशाह सरकार के खिलाफ मुखुर हो चुकी है। छिमवाल ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा हर बूथ पर 10 यूथ और 10 महिलाएं मिलकर कांग्रेस पार्टी भारी मतों से जिताएंगी, जनता ने यह मन बना लिया है। इस दौरान दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## प्री-वेडिंग के बाद पहली बार राधिका ने दिया बयान



*अनंत अंबानी की होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि वे प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद कैसा महसूस कर रही हैं। इस सवाल के जवाब में राधिका कहती हैं, मैं इस भावना को शब्दों में बयान नहीं कर सकती हूं। राधिका मर्चेंट अंबानी खानदान की होने वाली बहू हैं। हाल ही में गुजरात के जामनगर में मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने एक भव्य प्री-वेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में कई वीआईपी मेहमानों ने शिरकत शिरकत की थी। लगातार तीन दिनों तक सोशल मीडिया पर पार्टी की तस्वीरें वायरल होती रहीं। वहीं, अब होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट ने पहली बार प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद मीडिया को इंटरव्यू दिया है। राधिका अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, अनंत और मैं वंतारा के लिए काफी उत्साहित हैं। हम चाहते हैं कि हमारी शादी के जरिए ही सही लोगों का ध्यान इन निरीह पशुओं की तरफ जाए। इन पशुओं के संरक्षण के लिए और पुनर्वास केंद्र बनाए जाएं। यह परियोजना मेरे और अनंत दोनों के लिए बेहद खास है। हम दोनों की पशु-प्रेमी हैं।*

### खुद को मानती हूं सौभाग्यशाली

*अनंत अंबानी की होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि वे प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद कैसा महसूस कर रही हैं। इस सवाल के जवाब में राधिका कहती हैं, %मैं इस भावना को शब्दों में बयान नहीं कर सकती हूं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि हमारे लिए इतना सब कुछ आयोजित किया गया।*

# नगर आयुक्त दून से हुई अभद्रता से भड़के, सल्ट विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम देहरादून में सल्ट विधायक के नगर आयुक्त से की गई अभद्रता का मामला तूल पकड़ गया है। इस मामले में बुधवार को देवभूमि उत्तराखंड कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई व नगर? आयुक्त विशाल मिश्रा को सौंपा। उनका कहना था कि किसी टेंडर के मामले में नगर आयुक्त देहरादून से अभद्रता दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सल्ट विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेताया कि यदि इस मामले में कार्रवाई न हुई तो वे भी देहरादून निगम कर्मचारियों के साथ आंदोलन में कूद जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह, प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक चौधरी, प्रदेश प्रचार मंत्री जयप्रकाश, शाखा अध्यक्ष रवि चंडालिया, शाखा सचिव श्याम बाबू, पूर्व शाखा अध्यक्ष रोहित टाक, विजय तोमर, रोहित मसीह, राजेश भारती, रतन, अंकुश चौधरी. विशाल आदि शामिल हैं।




BLM ACADEMY
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi)
CBSE Affiliation No. 3530343
ISO 9001:2015 (QMS) Certified School
ADIMISSION OPEN
For The Academic Session 2024-25
Classes
Nursery
to IX & XI
Streams:
Science, Commerce
& Humanities
#1 School in Haldwani
LIMITED SEATS
APPLY NOW
Celebrate The Gift Of Life
Mob.- 9690588867
7055515683
Fax- 05946-232010
Ph.- Fax- 05946-232010
blmacademy5@gmail.com
https://www.blmacademy.com
Padampur Dewaliya, Goraparow, Haldwani, Nainital (UK)